**मदद** बाढ़ ग्रस्त ग्रामों में पहुंचे धर्मेंद्र लोधी, कहा- सरकार को बाढ़ से प्रभावित गरीब परिवारों की चिंता है

# बाढ़ पीड़ितों की हरसंभव मदद की जाएगी : राज्यमंत्री



**नवभारत,तेंदुखेड़ा/दमोह 1 अगस्त.** जिले की सबसे बड़ी विधानसभा जबेरा अंतर्गत जनपद तेंदूखेड़ा के ग्राम व्यारमा नदी में आये तेज बहाव के कारण विभिन्न ग्राम बाढ़ की चपेट में आए, जिससे कि बहुत तबाही हुई है. भोपाल में विधानसभा का मानसून सत्र छोड़कर स्थानीय विधायक व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बाढ़ से ग्रसित ग्राम सर्रा, झमरा, खमतरा, तारादेही, टेड महगुवां सहित अन्य इलाकों में पहुंचे, जहां उन्होंने बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री प्रदान की.

इस दौरान मंत्री श्री लोधी ने बताया कि बाढ़ की चपेट से 15 से अधिक ग्रामों को नुकसान हुआ है, जिसमें खेतों में लगी फसल, मकान,पशुधन, घरों में रखा अनाज, कपड़े, व दैनिक सामग्री का नुकसान हुआ है. उन्होंने कहा कि मैं निरंतर प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क रहा और हरसंभव मदद करने के निर्देश दिए। जिसके चलते अधिकारियों ने तुरंत ही राहत पहुंचाई व विभिन्न संगठनों के द्वारा मदद कार्य किए जा रहे है.

### जल्द ही मुआवजा प्रदान किया जाएगा

उन्होंने कहा कि बाढ़ से प्रभावित परिवारों को जल्द ही मुआवजा प्रदान किया जाएगा, जिसके लिए सर्वे कार्य किया जा रहा है. दो से तीन दिन के अंदर सभी प्रकार का सर्वे कर रिपोर्ट बनाई जाएगी. जिनके मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं उनको शीघ्र ही प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से मकान देने का कार्य करेंगे. हम और हमारी सरकार निरंतर गरीब परिवारों की चिंता कर रही है. जबेरा विधानसभा मेरा परिवार है और इसमें निवास कर रहे क्षेत्रवासी में देवता हैं, इनकी सेवा करना मेरा परम कर्तव्य है.

### पीड़ितों के लिए जुटाई राहत सामग्री

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने तेंदूखेड़ा क्षेत्र के बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए एक सराहनीय पहल की. इस अभियान के तहत 12 राहत किट तैयार कर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के मार्गदर्शन में कलेक्टर कार्यालय दमोह में जमा की गईं, जहां से इन्हें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भिजवाया गया.

### गल्ला व्यापारियों ने बच्चों को कपड़े वितरित किए

कलेक्टर की मौजूदगी में तेंदूखेड़ा नगर के गल्ला व्यापारियों ने बाढ़ग्रस्त परिवार के बच्चों को कपड़े और कंबलों का वितरण किया. इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव, विधायक प्रतिनिधि चेतन जैन, भागचंद जैन, भगत जैन,राकेश जैन, प्रहलाद असाटी, भूरे सिंघाई, नंदन जैन आदित्य चौधरी मौजूद रहे.



### राशन सामग्री का वितरण किया

तेंदूखेड़ा के ग्राम कोसमदा में विगत 3 दिन पहले आई नदी की बाढ़ के द्वारा ग्राम में आई विपदा से परेशान लोगों को बागेश्वर धाम शिष्य मंडल द्वारा राशन सामग्री का वितरण किया गया.



### राहत सामग्री वाहन को रवाना किया




कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के प्रयासों से जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, एडीएम मीना मसराम, डिप्टी कलेक्टर अविनाश रावत, तहसीलदार रॉबिन जैन, सुशील नामदेव जन अभियान परिषद की मौजूदगी में संकट के साथियों द्वारा बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में राहत सामग्री वाहन को रवाना किया. इसमें जैन मिलन समाज, गुरुद्वारा श्री गुरू सिंघ सभा समाज व्यापारी संघ और भी समाजसेवियों की विशेष भूमिका रही.

### राहत किट वितरित की

राज्य कर्मचारी संघ दमोह व ब्लॉक इकाई तेंदूखेड़ा के द्वारा झमरा और खमतरा में बाढ पीड़ितों के लिए राहत किट वितरित की गई. वहीं तेंदूखेड़ा क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित ग्रामों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा सेवा कार्य।



# हत्या के 3 आरोपियों को आजीवन कारावास

▶ न्यायालय ने 2 आरोपियों को किया दोषमुक्त

**नवभारत,दमोह 1 अगस्त।** न्यायालय षष्ठम अपर सत्र न्यायाधीश अनुराग सिंह कुशवाह की अदालत ने शुक्रवार को आरोपी लखन रजक, प्रशांत ठाकुर और दिन्नू उर्फ दिनेश साहू को आजीवन कारावास व 1000 रुपये अर्थदण्ड से दंडित किया.

अभियोजन की ओर से पैरवी सहायक निदेशक अभियोजन कैलाश चंद्र पटैल व सहायक जिला अभियोजन अधिकारी हेमंत कुमार पांडेय द्वारा की गई. घटना इस प्रकार है, 23 फरवरी 2021 को दोपहर लगभग 4 बजे मृतक की बालिका अपने घर के आंगन में बैठी थी और बालिका का पिता (मृतक) दरवाजे में बाहर बैठे चाय पी रहे थे, उसी समय एक काले रंग की डिस्कवर मोटरसाईकिल पर बैठे तीन लोग आये. तीनो ने मुंह पर कपडा बांध रखा था. उन्होंने मृतक के घर के पास मोटरसाईकिल रोकी और उसमें से एक व्यक्ति ने पापा को जान से मारने की नियत से कट्टे से गोली चला दी, जिससे पिता को दाहिने हाथ में चोट आयी और काफी खून बहने लगा और जमीन में गिर गए. पिता को बुआ के बेटे की कार से इलाज के लिए अस्पताल लेकर आयी थी और वहां पर डॉक्टर ने पिता को मृत घोषित कर दिया था. उक्त देहाती नालसी व देहाती मर्ग इंटीमेशन के आधार पर थाना दमोह देहात में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया. मामले में दस्तावेजी साक्ष्य व मौखिक साक्ष्य व अभियोजन द्वारा प्रस्तुत तर्कों से सहमत होकर यायालय द्वारा आरोपियों को दण्डित किया गया.

# पांच पेटी अवैध शराब पकड़वाई

**नवभारत,सिग्रामपुर 1 अगस्त।** जबेरा थाना के अंतर्गत संग्रामपुर चौकी के ग्राम पौड़ी मनगढ़ में जनपद सदस्य चंदन सिंह, सोनू सिंह, निसार खान, इस्लाम खान, संजू राय, कमलेश सिंह, जीतू राय, प्रदीप सिंह ने गांव में आने वाली अवैध शराब को लाने वाले तस्करों को रोक कर 5 पेटी अवैध शराब भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं व पुलिस के सहयोग से जब्त की गई। सिंग्रामपुर व गुबरा कलारी के ठेकेदार द्वारा लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में गांव गांव अवैध शराब पहुंचाई जा रही है. जिससे गांव का माहौल बिगड़ा हुआ है तथा महिलाएं और बच्चे परेशान है. इसी बात को लेकर के जनपद सदस्य चंदन सिंह ने ग्राम वासियों के साथ अपने गांव में अवैध शराब को नहीं आने देंगे यह संकल्प लिया और उक्त कार्यवाही में पुलिस की मदद की.

## एक नजर में



### जेठानी और गर्भवती देवरानी को सर्प ने डंसा, हालत गंभीर

**नवभारत,दमोह 1 अगस्त।** जिले के नोहटा थाना क्षेत्र का सलैया गांव में जेठानी और गर्भवती देवरानी को एक साथ सर्प ने डस लिया.जिन्हें उपचार के लिए दमोह जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है, जिनका उपचार जारी है. प्राप्त जानकारी के अनुसार जेठानी पार्वती और गर्भवती रश्मि गौंड को गुरुवार रात 8 बजे सर्प ने डुस लिया था, जिसे तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया.

### चाहत को मिला दुबई में अवॉर्ड



**नवभारत,दमोह 1 अगस्त.** दुबई में आयोजित दादा साहब फॉलके आइकन अवॉर्ड फिल्म्स इंटरनेशनल 2025 समारोह संपन्न हुआ. इस प्रतिष्ठित समारोह में दमोह की बेटी चाहत मणि पांडे को अभिनय के क्षेत्र में यंगेस्ट सक्सेसफुल एक्टर इन टेलीविजन लीड एक्टर के अवॉर्ड से शेख मालिद ने सम्मानित किया. अवॉर्ड मिलने पर चाहत मणि पांडे ने अवार्ड शो की टीम को धन्यवाद दिया. उन्होंने सफलता का श्रेय माता-पिता को दिया.

### जाम से परेशान लोगों ने ज्ञापन सौंपा

**नवभारत,गैसाबाद 1 अगस्त.** गैसाबाद व्यारमा पुल पर आवागमन अवरुद्ध होने पर क्षेत्र वासियों को हो रही असुविधा को लेकर ग्रामीण जनो ने 2 व्हीलर/4व्हीलर वाहनों के आवागमन सुचारू रूप से चालू करने हेतु मांग सम्बंधित तहसीलदार शिवराम चढ़ार को ज्ञापन सौंपा.



### तुलसीदास जयंती पर किया पौधा रोपण

**नवभारत,दमोह 1 अगस्त.** 31 जुलाई को तुलसीदास जयंती के उपलक्ष में विद्यालय परिसर में भव्य रूप से पौधा रोपण किया गया। इसमें विद्यालय के समिति के पदाधिकारी जगदीश प्रसाद चौबे, तरुण राजोरिया, सत्यम पांडे, राम बिजोलिया, लीला राजपूत, शंकर लाल राय, गायत्री बिजोलिया, प्रधानाचार्य व समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। इसके बाद गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनाई गई, जिसमें सुंदरकांड का पाठ किया गया। गोस्वामी तुलसीदास के जीवन चरित्र पर गणेश प्रसाद पाठक के द्वारा प्रकाश डाला गया। शिक्षक सीताराम सोनी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

### जिले को मिले 2 नए शव वाहन

**नवभारत,दमोह 1 अगस्त।** जरूरतमंद की मददगार मप्र सरकार नि:शुल्क शासकीय दो शव वाहन सेवा को जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल, डॉ. राकेश राय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. बता दें कि कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर व सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार अठया के प्रयासों से यह नए शव वाहन मप्र सरकार ने जिले को आवंटित किए हैं. सीएमएचओ श्री अठया ने बताया कि यह नि:शुल्क शव वाहन अस्पतालों से घर तक और घर से मुक्तिधाम भी जाएगा.





# गोपालपुरा में भारी बारिश से जन जीवन अस्त-व्यस्त

**नवभारत,दमोह 1 अगस्त।** तेंदूखेड़ा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत गोपालपुरा व बिल्तरा में केकड़ा नाला व व्यारमा नदी के उफान के चलते गांव में पानी भर गया. जिससे लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया.प्रशासनिक अधिकारियों ने गांव में पहुंचकर ग्रामीणों के लिए यथासंभव मदद पहुंचाई अत्यधिक बारिश होने से गांव में हजारों एकड़ की फसल खराब हुई, साथ ही गांव की सड़कों को भी भारी नुकसान हुआ.

# नाबालिगों की जमीन पर दबंगों का कब्जा

▶ शिकायत के बाद भी अधिकारी नहीं कर रहे कार्यवाही



**नवभारत,सिग्रामपुर 1 अगस्त।** जबेरा थाना अंतर्गत सिग्रामपुर में नाबालिगों की जमीन पर दबंगों द्वारा कब्जा करने का मामला सामने आया है.

जानकारी के अनुसार जिला जबलपुर में पाटन तहसील के व्यक्ति हल्के रैकवार की बच्ची की शादी जबेरा के सिग्रामपुर में अनिल रैकवार से हुई थी. इस महिला के दो बच्चे भी थे, लेकिन किसी कारणवश महिला की मृत्यु हो गई थी. ऐसे में महिला के ससुराल पक्ष से बच्चों के भरण-पोषण के लिए उनके दादा-दादी की तरफ से एक एकड़ बीस डिसमिल जगह दी गई थी, जिसकी रजिस्ट्री भी इन दोनों बच्चों के नाम पर हुई थी. अभी बच्चे नाबालिग हैं, लेकिन जब वे अपने नाना के साथ उस जमीन पर फसल लगाने जाते हैं तो सिग्रामपुर के कुछ दबंगों द्वारा उन्हें उस जमीन पर खेती करने से मना किया जाता है और दोबारा आने पर जान से मारने की धमकी भी दी जा रही हैं.

### जनसुनवाई में भी नहीं हो रही सुनवाई

इस परेशानी को लेकर हल्के रैकवार द्वारा जिला दमोह में जनसुनवाई में दो बार आवेदन भी किया गया, जिसके निराकरण के लिए जिला कलेक्टर ने आदेशित भी किया था, लेकिन हल्के की मदद करने में संबधित अधिकारी आनाकानी कर रहे हैं. ऐसे में अब बच्चों को कहां से न्याय मिलेगा और उनके हक की जमीन पर कब वे खेती कर सकेंगे ये एक बड़ा सवाल है।

### नशा मुक्ति अभियान के तहत पोस्टर स्पर्धा का आयोजन

**नवभारत,दमोह।** माधवराव सप्रे शासकीय महाविद्यालय पथरिया में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत नशामुक्ति अभियान पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सहभागिता दी गई। कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विनय कुमार वर्मा, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. गजेंद्र नामदेव राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जगदीश प्रसाद अहिरवार, एन.एस.एस महिला ईकाई प्रभारी डॉ. संध्या शर्मा, चिन्मय सेन, डॉ. हरिओम सोनी, डॉ. किरण सिंह, डॉ. वीके पुष्कर, डॉ. सुषमा मिश्रा सहित अन्य सदस्यों व विद्यार्थियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।



# बागेश्वरधाम गौशाला का संचालन करेगी वैष्णवी गौसेवा समिति

**नवभारत,दमोह 1 अगस्त।** शहर में कई वर्षों से निराश्रित, बीमार व घायल गौवंशों की नि:स्वार्थ सेवा में समर्पित वैष्णवी नि:स्वार्थ गौसेवा समिति को मरुताल पंचायत स्थित बागेश्वरधाम गौशाला के संचालन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है. यह दायित्व समिति के लिए एक गौरव का विषय है और क्षेत्र की गौसेवा को एक नई दिशा देगा. 31 जुलाई गुरुवार को विधिवत मंत्रोच्चार और पूजा-पाठ के साथ गौमाता पूजन कर गौशाला का शुभारंभ किया गया. इस पावन अवसर पर समिति के सभी सदस्यगण उपस्थित रहे और गौसेवा के संकल्प को दोहराया. कार्यक्रम में मरुताल ग्राम पंचायत के सरपंच नारायण राय, उपसरपंच शुभम राजपूत तथा पंचायत सचिव दिलीप पाठक विशेष रूप से उपस्थित रहे. सभी अतिथियों ने गौसेवा समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया.

### विंध्याचल एक्सप्रेस से यात्री गिरा



**नवभारत,दमोह 1 अगस्त।** गुरू-शुक्रवार की देर रात विंध्याचल एक्सप्रेस से एक यात्री गिर जाने पर मौके पर पहुंची हंड्रेड डायल के माध्यम से इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल रमेश कोल निवासी ब्योहारी शहडोल को 100 डायल एफआरबी 12 से आरक्षक श्रीराम और पायलट प्रकाश केसरवानी ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया.



# संकल्प कांवड़ यात्रा का किया स्वागत

▶ कांवड़ यात्रा तिलवारा घाट से बांदकपुर तक की जा रही है

**नवभारत,सिंग्रामपुर 1 अगस्त।** सावन माह के पावन पर्व पर मां नर्मदा के पावन तट तिलवारा घाट जबलपुर से श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर तक 121 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा की शुरुआत की गई है. इस यात्रा का उद्देश्य क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करना है.

संस्कृति व पर्यावरण राज्य मंत्री के अनुज सत्येंद्र सिंह ने कहा कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं बल्कि आस्था अनुशासन पर्यावरण प्रेम और हमारी संस्कृति से जुड़ी एक महत्वपूर्ण रीति भी है. यह शिव भक्ति के साथ-साथ जीवन में अनुशासन और सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण है. यात्रा तिलवारा घाट जबलपुर मार्ग, कटंगी बाईपास, बोरिया, कटंगी, गुबरा, सिग्रामपुर, पुरेनहाउ, जबेरा कलेहरा, घाना मैली, चंडी चौपरा, सिमरी, रोंड, बनवार से गुजरेगी. यात्रा का समापन 4 अगस्त सोमवार को श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में होगा.

**आयोजन** विश्व कल्याणार्थ महारुद्राभिषेक अनुष्ठान जारी, फलदार, छायादार और औषधीय पौधों का किया रोपण

# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया जागेश्वरनाथ का रुद्राभिषेक



**नवभारत,दमोह 1 अगस्त।** श्रावण मास के शुभ अवसर पर श्री जागेश्वर धाम बांदकपुर में मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक पंडित रामकृपाल पाठक के मार्गदर्शन में जारी 11 दिवसीय विश्वकल्याणार्थ महारुद्राभिषेक अनुष्ठान का अष्टम दिवस शुक्रवार को भी श्रद्धा, भक्ति और प्रकृति सेवा के साथ सम्पन्न हुआ.

मंदिर ट्रस्ट के प्रवक्ता आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने बताया कि शुक्रवार को मुख्य यजमान के रूप में अनुराग श्रीवास्तव (मंदिर ट्रस्ट सदस्य), राजुल श्रीवास्तव, सुरेंद्र वर्मा सपरिवार, संस्कृत वेदांग विद्यालय के शिक्षक मनोज द्विवेदी परिवार, शंकर गौतम, दीपेश नायक, राकेश अग्रवाल, शैलेन्द्र दुबे व कमलेश दुबे परिवार की उपस्थिति रही. सभी यजमानों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान श्री जागेश्वरनाथ का विधिवत रुद्राभिषेक व पूजन किया. समस्त सृष्टि के कल्याण, पर्यावरणीय संतुलन और मानवीय सद्भावना के लिए सामूहिक प्रार्थना की गई.

### मानवता की उन्नति के लिए की प्रार्थना

रुद्राभिषेक के पश्चात एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत धेनुवन गोवर्धन पर्वत क्षेत्र बांदकपुर में विविध प्रकार के फलदार, छायादार व औषधीय पौधों का रोपण किया गया. इसमें यजमानों के साथ स्थानीय श्रद्धालुओं ने भी भाग लिया. मुख्य यजमान के रूप में संस्कृत वेदांग विद्यालय के प्राचार्य पं. कुंजीलाल डिम्हा, बांदकपुर पुलिस चौकी प्रभारी राजेन्द्र मिश्रा सपरिवार, पं. विजय चौबे सपरिवार व सेहुल गुप्ता सपरिवार उपस्थित रहे. सभी यजमानों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान श्री जागेश्वरनाथ का विधिवत रुद्राभिषेक कर समस्त सृष्टि के कल्याण, पर्यावरण संतुलन और मानवता की उन्नति हेतु प्रार्थना की.

### भक्तों को किया गया प्रसाद वितरण

बुंदेलखंड के प्रसिद्ध हिंदू तीर्थ स्थल देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में प्रतिदिन भक्तों की भीड़ लगी रहती है व भगवान जागेश्वर नाथ महादेव को जल अर्पित कर जलाभिषेक किया जा रहा है. बम बम भोले के जयकारे गूंज रहे है. शुक्रवार को हेमेंद्र असाटी द्वारा बांदकपुर मंदिर परिसर में भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया.